Type of Debate: MATTERS UNDER RULE 377

Title: Need for early completion of work of sugar mill at Jahangirpur in Khurja Parliamentary Constituency, U.P-Laid.

श्री अशोक प्रधान (खुर्जा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र खुर्जा के अंतर्गत जहांगीरपुरी चीनी मिल का निर्माण कार्य पिछले काफी दिनों से रुका हुआ है जिस कारण स्थानीय गन्ना कृषकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उनके द्वारा आये दिन इस चीनी मिल के निर्माण कार्य को पूरा कराये जाने एवं इसको अविलंब चालू किये जाने के बारे में आंदोलन एवं धरने इत्यादि दिये जा रहे हैं। मैंने उनकी इस मांग को विगत लोकसभा के दौरान कई बार सदन के समक्ष प्रस्तुत किया, किन्तु अभी तक इस संबंध में कोई प्रगति नहीं हुई है, जिस कारण स्थानीय कृषकों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

इस विषय में मैं यह बात भी सरकार के समक्ष लाना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र खुर्जा के अंतर्गत एक भी चीनी मिल कार्यरत नहीं है और यहां पर गन्ने का उत्पादन बड़ी संख्या में होता है।

ऐसी स्थिति में मेरा सरकार से पुनः अनुरोध है कि जहांगीरपुर चीनी मिल का निर्माण कार्य अविलंब पूरा करवाकर इसको तुरंत चालू करवाया जाए तथा इस क्षेत्र में गन्ने की उत्पादकता को दृष्टि में रखते हुए यहां पर एक और चीनी मिल की स्थापना किये जाने की अनुमति प्रदान की जाए।